कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395, E-mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्र./5629/न.पा.नि./PMAY-HFA/2023 रायपुर, दिनांक 21/06/2023

//द्वितीय दावा–आपत्ति उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन//

प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. परियोजांतर्गत "मोर मकान–मोर आस" योजना हेतु विज्ञापन क्रमांक 02/2022 दिनांक 16.12.2022 में परियोजना 1015 के लाभाण्डी–232 के 150 मकानो के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 02.01.2023 तक आमंत्रित किया गया था। जिसमें 150 मकानो के विरूद्ध 348 आवेदन प्राप्त हुए थे। 348 आवेदनो में से दावा–आपत्ति उपरांत कुल 209 आवेदक पात्र एवं 139 आवेदक अपात्र पाये गये थे। विज्ञापित 150 आवासों के विरूद्ध प्राप्त कुल 348 आवेदनों में से पात्र 209 आवेदको को पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने के उपरांत मात्र 116 मकान आबंटन हुआ था।

अगले क्रम में अपात्र कुल 139 आवेदको को मूल निवासी प्रमाण पत्र में छूट दिया जाकर इस परियोजना हेतु पुनः दावा–आपत्ति में उपस्थित होने इस कार्यालय का आम सूचना पत्र क्रमांक 5552 दिनांक 31.05.2023 जारी कर दिनांक 01.06.2023 से 09.06.2023 तक द्वितीय चरण का दावा–आपत्ति आमंत्रित किया गया था। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा–आपत्ति के प्रकरणों पर परीक्षण समिति द्वारा परीक्षण एवं अवलोकन कर अंतिम पात्र/अपात्र सूची पर अनुमोदन किया गया है। द्वितीय दावा–आपत्ति उपरांत आवेदनों की अंतिम स्थिति निम्नानुसार है:–

सं. क्र.	परियोजना का नाम / परियोजना स्थल / आवंटन हेतु उपलब्ध आवास	अपात्र आवेदन	पात्र	अपात्र
1	(1015) / 232 DUS AT NEAR LABHANDI VILLAGE SANKALP HOMES PHASE 2 / (150)	139	61	78
कुल	**150**	**139**	**61**	**78**

इसी क्रम में दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची सर्व–साधारण के अवलोकन हेतु ऑनलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइटः– **www.nagarnigamraipur.nic.in** के "शीर्षक" "मोर मकान–मोर आस आवेदन" के साथ–साथ ऑफलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर, मुख्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित की जा रही है। योजना के दिशा–निर्देशानुसार मकानों की संख्या से अधिक आवेदन पात्र पाये गये हैं, जिस हेतु हितग्राहियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है।

अतः उक्त सूची के समस्त पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि अंतिम सूची में क्रम (चयनित/प्रतिक्षा) के निर्धारण हेतु आयोजित लॉटरी **दिनांक 23/06/2023** को नगर पालिक निगम, रायपुर, मुख्यालय के चतुर्थ तल स्थित सामान्य सभा हॉल में प्रातः **11:30 बजे** आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित न होने पर किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

21/6/2023

नोडल अधिकारी
(PMAY-HFA)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)